समाचार

# आयुक्त ने शारदा विहार की जनसमस्याओं के निराकरण हेतु अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश



कोरबा 26 जुलाई 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 13 शारदा विहार में एक ान टीम के साथ जनसमस्याओं को देखने पैदल भ्रमण करते हुए विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों, पारों के स्थानीय निवासियों से भेंट मुलाकात कर उनकी साफ–सफाई व नालियों की समस्याओं को सुना तथा तत्काल संबंधित ठेकदार व सफाई कर्मचारियों को अल्टीमेटम देकर वहॉ की सफाई के कड़े निर्देश अधिकारियों को दिये।

आयुक्त श्री पाण्डेय ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के कोरबा जोन अंतर्गत शारदा विहार कालोनी, अटल आवास, निचली बस्ती, अमरैयापारा, स्टेशन रोड बस्ती, संजयनगर, नई बस्ती का दौरा कर वहॉ की साफ–सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क रोशनी व्यवस्था आदि से जुड़े कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान कुछ स्थानों पर गदंगी व कचरा पड़ा होने, समय पर सफाई कार्य पूरा न करने तथा नालियों में कचरे का जमाव देखकर गहरी नाराजगी जाहिर की, उन्होने संबंधित स्वच्छता पर्यवेक्षक व सफाई कार्य के ठेकेदार को सफाई कार्यो में कसावट लाकर नियमित रूप से सफाई कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होने अधिकारियों से कहा कि निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सफाई कार्य हों, नियमित रूप से साफ–सफाई की जाये, नालियों में कचरे का जमाव न हों, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करायें। उन्होने स्वच्छता दीदियों से कहा कि जिन बस्तियों में सकरी स्थानों पर सफाई रिक्शा पहुंच नहीं पाता, उन सकरी गलियों के निवासियों को

सिटी बजाकर अवगत कराये कि सफाई रिक्शा आपके घर तक नहीं पहुंच सकता, तथा वे सफाई रिक्शें तक पहुंचकर अपने घरों से निकले हुए कचरे को पृथक–पृथक डस्टबिन में ही कचरे को डालें।

आयुक्त श्री पाण्डेय ने शारदा विहार मुख्य मार्ग स्थित निर्माणाधीन सियान सदन के निर्माण व विकास कार्यो का भी निरीक्षण किया। सुनालिया चौक से रेलवे स्टेशन तक के मुख्य मार्गो के निरीक्षण के दौरान उन्होने पाया कि नहर की बाउण्ड्रीवाल कुछ स्थानों से टूटी हुई है तथा नहर किनारे कुछ कतिपय लोगों द्वारा कचरे को फेंक दिया जाता है, जिससे वहॉ कि साफ–सफाई कार्य नहीं हो पाता है, जिससे गंदगी का आलम दिखाई देता है, उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि वे कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन ट्रेक्टर के माध्यम से कराये जाने के निर्देश भी दिये। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निर्देश देते हुए स्वच्छता पर्यवेक्षक, स्वच्छता सुपरवाईजर को कहा कि स्वच्छता दीदियों का उनके घरों तक पहुंचने का एक निश्चित समय निर्धारित हो, जिससे लोगों को यह मालूम हो सके कि लगभग इस समय तक स्वच्छता दीदियों के आने का समयसीमा निर्धारित है, इसके लिए स्वच्छता दीदियों का सुबह समय पर प्रतिदिन निकलने का समय निश्चित हो। उन्होने अधिकारियो को निर्देश देते हुए कहा कि सीतामणी रेलवे स्टेशन के पास स्थित प्रीपेड बुथ व आटो रिक्शा स्टैण्ड के आसपास के क्षेत्रों में साफ–सफाई कराये।

_______आयुक्त ने भ्रमण के दौरान वार्डो के नागरिकों से भेंट मुलाकात की, उनकी समस्याओं को जाना तथा निगम की साफ–सफाई व्यवस्था में उनके सहयोग व सुझाव का आग्रह किया। आयुक्त ने अपील करते हुए कहा कि घरों से निकले हुए सूखे व गीले कचरे को पृथक–पृथक डस्टबिन में संग्रहित करके रखें, निगम द्वारा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण की व्यवस्था बनाई गई, स्वच्छता दीदियॉ आपके घर कचरा लेने के लिए आती हैं, अतः उक्त कचरे को स्वच्छता दीदियों के रिक्शें में ही दें। उन्होने अपील की कि कचरे को सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थान पर न डालें तथा अपने गली, मोहल्ले को साफ–सुथरा रखने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दें।

भ्रमण के दौरान जोन कमिश्नर विनोद शांडिल्य, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, पीयूष राजपूत, आकाश अग्रवाल, उप जोन प्रभारी अजय कुमार अग्रवाल, गिरवर विश्वकर्मा, परमानंद राठौर आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।